राज्यपाल मंगुभाई पटेल दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे सीधी

राज्यपाल के दो दिवसीय दौरे के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने बैठक का हुआ आयोजन, दिये गये निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। जिला सत्कार अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल का जिला सीधी में 25 से 26 फरवरी तक दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। राज्यपाल के दो दिवसीय दौरे हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने बैठक का आयोजन किया गया और निर्देश भी जारी किये गये हैं।

जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 25 फरवरी 2026 को शाम 5.15 बजे हेलीपैड परसिली सीधी पहुंचेंगे। आगमन के पश्चात वे परसिली रिसॉर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दिन उनका समय आरक्षित रहेगा तथा परसिली रिसॉर्ट में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 26 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे ग्राम परसिली में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम उपरांत वे ग्राम चमराडोल पहुंचकर हितग्राही ओम प्रकाश बैगा एवं उनके परिजनों से गृह भेंट करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे राज्यपाल परसिली हेलीपैड से डुमना एयरपोर्ट जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के दो दिवसीय प्रवास के अंतर्गत 25 फरवरी 2026 को सीधी जिले में आगमन प्रस्तावित है। उक्त प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि राज्यपाल का 25 से 26 फरवरी 2026 तक जिले में प्रवास रहेगा। इस दौरान वे स्किलसेल एनीमिया हेल्थ चेकअप कैम्प का निरीक्षण करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के साथ संवाद करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही के आवास पर गृह भेंट भी करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोलंकी ने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी मझौली को प्रोटोकॉल के अनुसार ड्यूटी आदेश जारी करने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, मझौली आर .पी .त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार एवं खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

जनसुनवाई में 104 आवेदनों पर सीईओ ने की सुनवाई

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। जिला पंचायत सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने 104 आवेदनों की सुनवाई की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दूरस्थ क्षेत्रों से आए जरूरतमंदों की सुविधा हेतु सुगम टोकन व्यवस्था के अंतर्गत 17 हितग्राहियों को नि:शुल्क घर वापसी के लिए टोकन प्रदान किए गए।

आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। सीधी नगर मुख्यालय स्थित श्री सांई महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट के छात्रों द्वारा ग्राम गाड़ा बवन सिंह राम जानकी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय शिविर की शुरुआत सोमवार 16 से 23 फरवरी तक मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

जिसका उद्देश्य नशा मुक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण, एनीमिया एवं एड्स जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, योग एवं ध्यान जागरूकता, रक्तदान महादान सहयोग शिविर था। शिविर के दौरान छात्रों ने सुबह योग ध्यान फिर साफ-सफाई अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता रैली और शाम को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य इंजी.पीयूष सिंह के द्वारा युवाओं को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। वहीं महाविद्यालय के संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा ने छात्रों को एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर में हुए संपूर्ण क्रियाकलापों से एक स्वच्छ सुदृढ़ नशा मुक्त समाज का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पीएच विभाग के इंजी.मनु पाण्डेय एवं रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर देवेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा भी बच्चों को समाजसेवा का महत्व एवं समाज सेवा से किस प्रकार एक अद्वितीय समाज का निर्माण किया जा सकता है इसके बारे में विशेष चर्चाएं भी की गई।

अपनी जड़ता के विनाश के लिए दूसरों से नहीं अपितु ईश्वर से करनी चाहिए प्रार्थना : मैथिलीशरण

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। श्रीराम कथा की सप्तम और समापन संध्या में श्री रामकिंकर विचार मिशन के परमाध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण जी ने तुलसीदास जी की विनय पत्रिका का पद उद्धृत करते हुए कहा- यह बिनती रघुबीर गोसाईं और आस विश्वास भरोसो, हरहु जीव जड़ताई... हम अपनी जड़ता का अंत दूसरों से कराना चाहते हैं यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी है।

स्वामी जी ने कहा कि हमें अपनी जड़ता के विनाश के लिए दूसरों से नहीं अपितु ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमारी जड़ता का हरण कर हमारा वरण करें। भगवान जब अपने भक्त का वरण करते हैं तो उसकी समस्त सांसारिक आशाओं का भी वे अपने में विलीनीकरण कर लेते हैं। निष्काम वह नहीं है जो न तो कुछ चाहे और न ही कुछ मांगे। सन्तजन भक्तों के सम्मान की भी रक्षा कर लेते हैं और भगवान की कृपा को भी सम्पादित कर देते हैं। निष्काम वह है जो भगवान के अतिरिक्त और कुछ न चाहे। निष्काम वह है जो भगवान के अलावा और किसी से कुछ भी न मांगे। भगवान के प्रति हमारा अनुराग हेतु रहित होना चाहिए जिसमें निरंतर वृद्धि होती रहे। विश्राम मानस रोग है। जब तक नींद न आए, हमें काम करते रहना चाहिए। गंगा जी में बहुत सी नदियां मिलती हैं और मिलते समय उनका नाम लिया जाता है पर जो नदी समुद्र में अपने अस्तित्व को विलीन करती है वह गंगा ही कहलाती है कोई अन्य नदी नहीं। सत्संग में जितने लोग आते हैं, उन सबकी भावना अगर भगवदाकार हो जाय तो वे सत्संग रूपी गंगा में मिलकर भगवान रूपी समुद्र से एकाकार हो जाएंगे। अत: कर्म की निरन्तरता को बनाए रखना होगा।

स्वामी जी ने कहा कि सत्संग ईश्वर की कृपा से ही प्राप्त होता है। सत्संग वह गंगा है जो साधक को परमात्मा रूपी समुद्र तक पहुंचाने का कार्य करती है। हनुमान जी को चोर समझने वाली लंकिनी हनुमान जी से सत्संग उपरांत अपनी सुमति प्राप्त कर कहती है भगवान राम जिस रथ को पराजय का कारण बताते हैं वह रावण का रथ है और जिस रथ पर बैठकर विजय प्राप्त करते हैं वह धर्मरथ है, जिसका वर्णन उन्होंने विभीषण के समक्ष किया। भगवान राम ज्ञान, माता सीता भक्ति और लक्ष्मण जी साक्षात वैराग्य हैं। जनक जी आत्मज्ञानी होते हुए भी मिथिला में सबके पांव धोते हैं और फिर सभी को यथायोग्य उचित आसन प्रदान करते हैं। यह ज्ञानी का भेद-विभेद है। समानता सृष्टि को समाप्त करती है और असमानता उसे जीवन्त बनाती है। जब मनु के समक्ष श्री राम प्रकट हुए तो उनके साथ माता सीता भी थीं। आज की कथा में प्रमुख रूप से लालमणि सिंह, प्रो.रुद्र प्रताप सिंह, जेएल पांडे, अवध शरण पांडेय, रुक्मिणी प्रसाद मिश्रा, अम्बुज पांडे एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, भक्त जन उपस्थित रहे।

भोपाल में किसान महाचौपाल : जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में सीधी से हजारों कांग्रेसजन हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। किसानों के हक और अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में सीधी जिले से पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के मार्गदर्शन एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में सीधी जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे।

यह आयोजन प्रदेश की राजनीति में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। महाचौपाल में किसानों की समस्याओं न्यूनतम समर्थन मूल्य, फसल बीमा, बढ़ती लागत, कर्ज और समर्थन नीति को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में केन्द्र की मोदी सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में लागत बढ़ रही है जबकि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है। अपने संबोधन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों, मजदूरों और आमजन के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और कांग्रेस उनके अधिकारों की लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ेगी।

सीधी जिले से पहुंचे कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हाथों में बैनर और झंडे लेकर किसान एकजुटता का संदेश दिया। ज्ञान सिंह ने कहा कि किसान महाचौपाल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि किसानों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का मजबूत संकल्प है। कार्यक्रम की सफलता पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीधी जिले की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और आमजन अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं तथा अन्याय के खिलाफ एकजुट हैं।

आम आदमी पार्टी मप्र की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश ने अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस घोषणा में विंध्य क्षेत्र को पुन: सशक्त प्रतिनिधित्व मिला है, जिससे क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है।

पार्टी नेतृत्व ने विंध्य के सक्रिय, संघर्षशील और जमीनी कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताते हुए राम चरण सोनी को पुन: प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। वहीं जितेंद्र चौरसिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, भक्तराज सिंह को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी तथा विवेक सोनी को प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी (एजुकेशन विंग) नियुक्त किया गया है। प्रदेश सचिव बनाए जाने पर राम चरण सोनी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करनेए युवाओं को जोड़ने और विंध्य सहित पूरे मध्यप्रदेश में जनआंदोलन को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के मुद्दों पर जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। यह नियुक्तियां संगठन के विस्तार, अनुशासन और जमीनी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए की गई हैं।

अवयस्क अभियोक्त्री से दुष्कर्म के आरोपी को जीवन पर्यंत कठोर कारावास की सजा

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। बताया गया कि दिनांक 16.08.2023 को समय करीबन दोपहर करीबन 12 बजे अभियोक्त्री घर पर नहीं थी तो अभियोक्त्री को घर में चारो तरफ ढूँढा गया लेकिन अभियोक्त्री कही नहीं मिली तो अभियोक्त्री की मां अभियोक्त्री को ढूंढने के लिए बगीचे के तरफ जाने लगी तो रास्ते में उसकी ननद मिली और बतायी कि प्रदीप कोल अभियोक्त्री को लेकर बगीचे तरफ गया है।

तब वह अभियोक्त्री को ढूढते हुए बगीचे गई तो वहां पर अभियोक्त्री नहीं मिली फिर उसे ढूंढते हुए बगीचे के और आगे नहर के आगे गई तो देखी कि प्रदीप कोल अपने और उसकी लड़की के कपड़े उतारकर उसके उपर चढ़ा था औरअभियोक्त्री के साथ गलत काम कर रहा था। वह दौड़कर चिल्लायी तो उसे देखकर प्रदीप अभियोक्त्री को वहीं पर छोड़कर अपने कपड़े लेकर वहां से भाग गया। पूछने पर उसने इशारा करते हुए बताया कि वह उसे पैसे देने का कहकर अपने साथ यहां पर लेकर आये है और उसका और अपना कपड़ा उतार कर उसके साथ गलत काम कर रहे थे। इसके बाद अभियोक्त्री की माँ अभियोक्त्री को कपड़ा पहनाकर घर ले आई थी और पूरी बात अपने पति और रिश्तेदारों को बतायी। अभियोक्त्री के माता पिता के द्वारा घटना के संबंध में थाना रामपुर नैकिन में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई, जिस पर अपराध क्रमांक 782/2023 अंतर्गत धारा 363, 376(ए)(बी) भादंसं एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एम)/6 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्र. एससी/31/2023 में सहायक निदेशक अभियोजन राजकुमार रावत के निर्देशन में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रशांत कुमार पाण्डेय के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त प्रदीप कोल तनय भगवानदीन कोल उम्र 22वर्ष निवासी ग्राम बरहाटोला चौकी पिपरांव थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को धारा 363 भादवि के आरोप में 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5000 रूपए अर्थदण्ड तथा धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा एवं 20000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की धनराशि रूपये 25000 रूपये अभियोक्त्री को धारा 357(1) (बी) दप्रंसं के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश जारी किया गया।

ओपन स्टेट कुश्ती में प्राची केवट ने जीता रजत

सीधी 24 फरवरी। जबलपुर में 21 से 23 फरवरी तक आयोजित मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ की राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में सीधी जिले की बेटियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। पहली बार ओपन स्टेट में भाग लेते हुए प्राची केवट ने 46 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। 50 किग्रा वर्ग में अलबिया खान चौथे, 44 किग्रा में कृष्ण कुमार सिंह चौथे तथा 48 किग्रा में ओम केवट पांचवें स्थान पर रहे। खिलाड़ियों को पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों का शीघ्र निपटारा, बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आईसीआईसी लेम्बर्ड के अधिकारीगण, बीमा कम्पनी के पैनल अधिवक्तागण एवं आवेदक अधिवक्तागण के उपस्थिति में मीटिंग का आयोजन आज किया गया।

इस मीटिंग का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के एडीआर भवन में किया गया। बैठक में आईसीआईसी लेम्बर्ड क्लेम से संबंधित लम्बित दावों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटारे, लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निराकरण हेतु चर्चा की गई। उक्त बैठक में मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्रीमती सुजाता मिश्रा अधिवक्ता आईसीआईसी लेम्बर्ड, मीतेश शर्मा, बीरूदत्त पांडा, अविन्द्रनाथ गोस्वामी, आईसीआईसी लेम्बर्ड कम्पनी के अधिकारी उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक विद्युत, बीएसएनएल, नगर पालिका, बीमा कम्पनियों के अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ भी निरंतर प्री-सिंटिग बैठक की जा रही है। मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा अपील की गई है कि वे अपने मामले अधिक अधिक से संख्या में नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करवाकर नेशनल लोक अदालत के लिए प्रावधानित छूट का लाभ प्राप्त करें।

विद्युत अधिनियम के प्रकरणों में विशेष छूट

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी। इन प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर कम्पनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

उर्मिलेश्वर धाम पड़रा की रासलीला में श्रीराधाकृष्ण के प्रथम मिलन की लीला का मंचन

26 को भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा की होगी स्थापना, सुदामा चरित्र के साथ रासलीला का होगा समापन

नवभारत न्यूज

सीधी 24 फरवरी। शहर के उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा में 17 फरवरी से श्रीराधाकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन हो रहा है। रासलीला के सातवें दिन श्रीराधाकृष्ण के प्रथम मिलन की लीला का मनमोहक मंचन किया गया।

श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृंदावन के व्यास स्वामी बृजेश शर्मा व उनके कलाकारों के द्वारा रासलीला की प्रस्तुति की जा रही है। दण्डी स्वामी निर्भायानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। सोमवार को रासलीला का शुभारंभ श्रीराधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता, भीम कामदार, दिलीप सितानी एवं विनय कुमार सिंह ने अपनी माता एवं परिवार के साथ श्री युगल सरकार की आरती की। भगवान श्रीकृष्ण खेलते हुते जमुना जी के किनारे आये तो देखे कि यमुना पार एक दिव्य वाली बैठी है, तो जाकर पूछा कि तुम कौन हो लाल और किस गांव की हो। भगवान श्रीकृष्ण बोले कि मैं वृंदावन की सब साखियों को जानता हूं।

तब श्रीराधा रानी ने बताया कि मैं वृशभानू दुलारी हूं। मेरे बाबा का आंगन बहुत बड़ा है तो मैं वहीं खेला करती हूं। यहां नंद जी का लाला बड़ा चोर है इस कारण यहां नहीं आती। तब श्रीकृष्ण जी ने कहा कि ऐसी बात नहीं, सखियां नंद के लाला को बदनाम करती है तो श्रीराधा जी ने कहा कि कही तुम ही तो नहीं नंद जी का लाला। तब श्रीकृष्ण जी ने कहा कि हां मैं ही हूं। मेरा नाम कुंवर कन्हाई है आप आओ कभी नंद भवन खेलने के लिए आदि। श्रीराधा-कृष्ण के प्रथम मिलन, श्रीकृष्ण और नंदबाबा की लीला का विस्तार से मंचन किया गया।

इन्होंने किया अभिनय

उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीपेश शर्मा, श्रीजी की भूमिका गोविंद शर्मा, श्रीजी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगम्बर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।